मस्तिष्क उद्वेलन विधि की विशेषताएं
(Characteristics of Brain Storming Method)

मस्तिष्क उद्वेलन की विशेषताएं निम्नलिखित हैं:—

(i) **समस्या की प्रकृति (Nature of Problem):—**

इस विधि में एक सरल समस्या का चयन किया जाता है जिससे कि चर्चा (Discussion) में सभी छात्रों की भागीदारी सम्भव हो सके।

(ii) **सामूहिक प्रतियोगिता (Collective Participation):—**

मस्तिष्क उद्वेलन की प्रक्रिया में छात्र सामूहिक रूप से चर्चा में भाग लेते हैं।

(iii) **उत्तर देने की स्वतन्त्रता (Freedom of Answering):—**

इस प्रक्रिया में छात्रों को अपनी इच्छानुसार प्रतिक्रिया करने की पूर्ण स्वतन्त्रता होती है।

(iv) **विचारों का संशोधन (Modification of Ideas):—**

आवश्यकतानुसार विचारों में संशोधन करके उन्हें उपयुक्त बनाया जाता है।

(v) **विचारों की श्रृंखला (Chain of Ideas):—**

समूह के विचारों को श्रृंखलाबद्ध करके उद्वेलन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया जाता है।

(vi) **विचारों की आलोचना नहीं (No Critism of Ideas):—**

इस प्रक्रिया में छात्रों द्वारा प्रस्तुत विचारों की आलोचना नहीं की जाती है, बल्कि उनको प्रोत्साहित किया जाता है।

(vii) **विचारों का मूल्यांकन नहीं (No Evaluation of Ideas):—**

इस प्रक्रिया में विचार इतनी अबाध गति तथा संख्या में व्यक्त किये जाते हैं कि मूल्यांकन करना सम्भव ही नहीं है।

Scanned with CamScanner

मस्तिष्क उद्वेलन के सोपान :-
(Steps of Brain storming) :-

मस्तिष्क उद्वेलन के सोपान निम्नलिखित हैं :-

1. **समस्या का चयन (Selection of Problem) :-**
समस्या सरल तथा विशिष्ट होनी चाहिए। बच्चों के मानसिक तथा शैक्षिक स्तर की होनी चाहिए।

2. **उपसमस्याओं का निर्धारण (Determination of Sub Problem) :-**
उन उपसमस्याओं की जानकारी करते हैं जो मुख्य समस्या से सम्बन्धित है।

3. **सम्भावित समाधान (Hypothetical solutions) :-**
समस्या के समाधान से सम्बन्धित विचारों के द्वारा सम्भावित हल खोजने का प्रयास करते हैं।

4. **साधनों का चयन (Selection of Means) :-**
समस्या से सम्बन्धित आँकड़ों को एकत्र करने के साधनों का चयन करते हैं।

5. **आँकड़ों का संकलन (Collection of Data) :-**
उक्त साधनों का उपयोग करके सम्बन्धित आँकड़ों को एकत्र करते हैं।

6. **विचारों की चर्चा (Discussion of Ideas) :-**
समस्या समाधान के लिए समूह में विचार आमन्त्रित करते हैं।

7. **विचारों का अभिलेखन (Recording of Ideas) :-**
उन विचारों को रिकार्ड करते हैं जिनसे सम्भावित समाधान में आगे बढ़ने में सहायता मिल सके।

P.T.O.

Scanned with CamScanner

8. प्रोत्साहन तथा प्रशंसा (Encouragement & Appreciation):-

छात्रों की ओर से अधिक से अधिक विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं तथा उनके द्वारा की गई अनुक्रियाओं की प्रशंसा करते हैं।

9. अन्तिम समाधान (Final Solution):-

अन्त में सभी विचारों में से उपयुक्त विचारों का चयन करके तथा उन पर दुबारा परिचर्चा करके समस्या के समाधान पर पहुँचते हैं।

मस्तिष्क उद्वेलन के उपयोग (Uses of Brain storming)

मस्तिष्क उद्वेलन के उपयोग निम्नलिखित हैं:-

(i) यह छात्रों को समस्या समाधान हेतु आकृष्ट तथा उत्तेजित करता है।

(ii) समस्या समाधान हेतु छात्रों में कल्पना-शक्ति का विकास होता है।

(iii) स्वतन्त्रतापूर्वक विचार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है।

(iv) बिना किसी भय व चिन्ता के छात्र समस्या के समाधान में रुचि लेते हैं।

(v) यह समस्या समाधान के नवीन आयामों की खोज करने में सहायक है।

(vi) इस विधि से समस्या समाधान करने में छात्र आनन्द व सन्तुष्टि का अनुभव करते हैं।

(vii) मस्तिष्क उद्वेलन शिक्षण की प्रक्रिया को मनोवैज्ञानिक आधार प्रस्तुत करता है।

Scanned with CamScanner